# विकास के साथ खुलीं अनियमितताओं की परतें

**खास बातें**

- 6 माह से अनुपस्थित मिला डॉक्टर
- ग्राम आनंदपुर में विधायक ने दिये कार्यवाही के निर्देश



नवभारत न्यूज

**आनंदपुर 15 जुलाई, ग्राम आनंदपुर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित विकासात्मक कार्यक्रम ने क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया.कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण किया, साथ ही बायपास रोड, तहसील गठन और जनदर्शन के माध्यम से जनता से सीधा संवाद भी स्थापित किया.कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं लक्ष्मीकांत जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई.**

अपने संबोधन में विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर है.उन्होंने कहा कि एक समय था जब कालादेव ऊनारसी जैसी जगहों पर कच्ची सड़कें होती थीं, लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है.इस क्षेत्र के लिए स्वर्गीय पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने जितना विकास में योगदान दिया है उतना कांग्रेस ने कभी नहीं दिया.जहां एक ओर विकास की नई घोषणाएं हुईं. वहीं दूसरी ओर जनसेवा और जवाबदेही के संकल्प के तहत विधायक ने कृषि सेवा सहकारी समिति, आनंदपुर का औचक निरीक्षण भी किया.

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी कार्यवाही के संकेत

इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए विधायक ने 6 माह से अनुपस्थित डॉक्टर पर नाराजगी जताई और मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी को फोन कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए.संयुक्त कलेक्टर सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी को भी अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए गए.

## बायपास रोड और नई तहसील की पहल

विधायक ने बायपास रोड के लिए ग्रामीणों से भूमि सहयोग की अपील करते हुए बताया कि 3 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा. साथ ही उन्होंने आनंदपुर को तहसील और सिरोंज को जिला बनाए जाने की प्रक्रिया को गति देने के लिए ग्राम के नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से सहयोग मांगा.विधायक के विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा कहां सभी को मिलकर आनंदपुर को तहसील सिरोंज को जिला बनाने के लिए एकत्रित होना होगा और सभी को ज्ञापन के माध्यम से राज्य पुनर्गठन आयोग से सिरोंज जिला बनाने की मांग करनी होगी तभी सिरोंज जिला और आनंदपुर तहसील का सपना सकार होगा.

## कृषि समिति में मिली अनियमिततायें

निरीक्षण के दौरान खाद-बीज वितरण से संबंधित स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी और निरीक्षण रिकॉर्ड की जांच की गई.लेकिन समिति प्रबंधक रामेश्वर शर्मा द्वारा कई महत्वपूर्ण पंजी उपलब्ध नहीं कराए जा सके.इस पर विधायक ने जिला सहकारिता अधिकारी से तत्काल चर्चा कर प्रबंधक पर कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हक से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. हर अनियमितता की जवाबदेही तय होगी.

## किया बीज वितरण

कार्यक्रम के दौरान विधायक शर्मा द्वारा कृषि विभाग के एनएफएसएम योजना के अंतर्गत चयनित 10 अनुसूचित जनजाति किसानों को 4-4 किलो उड़द बीज की किट वितरित की गई. जानकारी के अनुसार, लटेरी क्षेत्र के कुल 350 किसानों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा.जिससे कृषकों को आगामी फसल सत्र में सहूलियत मिले.

## व्यापक जनभागीदारी

इस अवसर पर सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी, एसडीओपी अमरेश बोहरे, कृषि एसडीओ रितेश परमार, जनपद सीईओ उदय प्रताप सिंह,थाना प्रभारी वीं डी सिंह, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, रामगुलाम राजोरिया, राजकंवर बघेल, भारत सिंह राजपूत, लक्ष्मण सिंह बघेल, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

# 680 देशी शराब के पकड़ाये क्वार्टर

**2 मोटरसाइकिल समेत कुल 1 लाख 33 हजार का मशरूका किया जप्त**



नवभारत न्यूज

**पठारी 15 जुलाई, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों और शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है.**

इस अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुरवाई सुश्री रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी पठारी निरीक्षक गौरव वाजपेई के नेतृत्व में गठित टीम ने सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही कर कुल 13 पेटी 680 क्वार्टर देशी शराब, 2 मोटरसाइकिल और कुल 1 लाख 33 हजार का मशरूका जप्त किया. वहीं 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पहली कार्रवाई ग्राम छपारा पुल के पास की गई, जहाँ मुखबिर सूचना पर आरोपी रामसिंह कुशवाह 23 वर्ष निवासी ग्राम छपारा टपरा को गिरफ्तार किया गया. आरोपी के कब्जे से 330 क्वार्टर (6 पेटी) देशी शराब कीमत 33, हजार रुपए और एक मोटरसाइकिल कीमत 40, हजार सहित कुल 73,हजार का मशरूका बरामद किया गया.आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 119/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जाँच की जा रही है.इसी क्रम में दूसरी कार्रवाई ग्राम गोंडखेड़ी डेम कॉलोनी के पास की गई, जहाँ मुखबिर की सूचना पर आरोपी अंकित सेन 23 वर्ष एवं दीपेश कुर्मी 32 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बिसराई को गिरफ्तार किया गया. इनके कब्जे से 350 क्वार्टर (7 पेटी) देशी शराब कीमत 35,हजार और मोटरसाइकिल कीमत 25 हजार सहित कुल 60 हजार का मशरूका बरामद हुआ. इस संबंध में अपराध क्रमांक 120/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है.दोनों कार्रवाइयों में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव वाजपेई के नेतृत्व में गठित टीम सउनि सुरेश राय, सउनि (एम) सिद्धान्त भदौरिया, प्रधान आरक्षक रमेश द्विवेदी, प्रधान आरक्षक नीरज सिसोदिया, आरक्षक सौरभ दीक्षित, आरक्षक चंद्रहास मालवीय, आरक्षक धर्मवीर, आरक्षक नरेंद्र एवं प्रधान आरक्षक कृष्णानंद राय मौजूद रहे.

## एक नजर में

### हिंदू उत्सव समिति 4 अगस्त को निकालेगी कावड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की ओर से श्रावण मास के चौथे सोमवार 4 अगस्त को कावड़ यात्रा निकाली जाएगी. समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि यात्रा को भव्य बनाने के लिए समिति एकजुट होकर कार्य कर रही है. यात्रा का शुभारंभ विधि विधान के साथ पूजन कर कावड़ यात्रा 4 अगस्त सुबह 9 बजे बड़वाले घाट बेतवा तट श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए माधवगंज स्थित शिवालय महादेव के जलाभिषेक के साथ संपन होगी.

### रोटरी का हुआ तीसरा अधिष्ठापन समारोह

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** रोटरी क्लब आफ भेलसा का तृतीय अधिष्ठापन समारोह आगामी मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी के मुख्य आतिथ्य में एवं अधिष्ठापन अधिकारी मुकेश साहू की उपस्थिति में सानंद संपन्न हुयी.विदिशा , रोटरी इंटरनेशनल के मंडल के तहत रोटरी क्लब आफ भेलसा विदिशा का तृतीय अधिष्ठापन समारोह 13 जुलाई रविवार को 2026 - 27 मंडलाध्यक्ष रोटे संस्कार कोठारी, रतलाम के मुख्य आतिथ्य में, डीजीएन रोटे. मुकेश साहू अधिष्ठापन अधिकारी के रूप में, कार्यक्रम अध्यक्षता रीजनल कोऑर्डिनेटर रोटे. सुजीत देवलिया एवं क्लब अधिकृत सहायक मंडलाध्यक्ष संजीव शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में दिनेश रामानी अध्यक्ष, नीरज तेनगुरिया सचिव एवं रोटे. बबलू कुशवाह कोषाध्यक्ष सहित समस्त सत्र 2025 - 26 कार्यकारिणी पदाधिकारियों को पिन लगाकर, सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं शपथ ग्रहण कराकर अधिषठापित किया गया एवं पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन रामबाबू शर्मा ने नये अध्यक्ष दिनेश रामानी को कालर पिन मेनटेन की.



## माध्यमिक स्कूल पीपलखेड़ा ने निकाली नशा मुक्ति रैली

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** उच्चतर माध्यमिक स्कूल पीपलखेड़ा कला के शिक्षक,जनप्रतिनिधि, छात्र छात्राएं व पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे.जिसमें करीबन 300 स्कूली छात्र व अन्य सदस्य उपस्थित रहे.उक्त कार्यक्रम में नागरिकों को नशे से दूर रहने एवं सभी प्रकार के नशे को छोड़कर सादा जीवन शैली अपनाने की समझाइश दी गई. नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी देने के लिए हेल्प लाइन नंबर से भी अवगत कराया. थाना प्रभारी ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को भी खराब करता है. कार्यक्रम थाना करारिया टीआई मो जमीर काजी, बीडी कुशवाहा ,सरपंच प्रतिनिधि रामबाबू मीणा आदि मौजूद रहे.

# रैली निकालकर नशा मुक्ति का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, नशा मुक्ति को लेकर जन जागरूकता हेतु पुलिस ने शहर में मंगलवार को एक रैली निकाली. इस मौके पर लोगों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया.**



रैली में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ ही नागरिकों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया. रैली सांदीपनि स्कूल से प्रारंभ होकर कठाली बाजार, सर्राफा बाजार, चाँदनी चौक, कोर्ट गेट से होते हुए बस स्टैंड पर पहुंची. समापन पर लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई. रैली में शामिल विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने पोस्टरों और बैनरों के साथ नगर के विभिन्न मार्गों पर नशे मुक्ति के नारे लगाते हुए आमजन को जागरूक किया. रैली में नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, एसडीओपी सोनू डाबर, तहसीलदार संजय चौरसिया, थाना प्रभारी पंकज गीते, सीएमओ रामप्रकाश साहू, सीएम राइज स्कूल के शिक्षक, एनसीसी, स्काउट्स एंड गाइड्स के छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में नागरिक एवं स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए.

# किसान संघ ने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**पठारी,** तहसील क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं के संबंध मे चार सूत्रीय ज्ञापन.भारतीय किसान संघ ने पठारी तहसीलदार अभिषेक पांडे को मुख्यमंत्री के नाम सोपा ज्ञापन में कहां है कि भारतीय किसान संघ किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शासन एवं प्रशासन तक पुहंचा कर हल कराने का प्रयास करता चला आ रहा है। इसी तारतम्य मे शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि खरीफ 2025 मे सोयाबीन की बोवनी के बाद अत्याधिक बारिश हो जाने एवं बीज के अंकुरण ना होने से किसान के खेत मे सोयाबीन की फसल तैयार नहीं हो पाई जिससे किसानों को काफी आर्थिक क्षति हुई है जिसकी पूर्ति सर्वे कराकर मुआवजा बीमा राशि से की जावे 2 खेत सडक योजना को जल्द चालू कराया जाए जिससे किसानों का आवागमन सुगम हो सके।3 गौचर चरनोई भूमि को सुरक्षित कराकर अतिकृमण मुक्त कराया जाए जिससे निराश्रित पशुधन को चरने की व्यवस्था हो सके।4 भूमि बंदोबस्त कार्य लगभग 75 वर्ष हो चुके हैं अभी तक बंदोवस्त कार्य विदिशा जिले की पठारी तहसील में नहीं हुआ है एवं कई गांव नक्शा बिहीन हैं जिसके कारण सीमांकन में बिवाद की स्थित निर्मित होती है पुन: बंदोवस्त कराया जावे.

# युवा पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त करने प्रेरणा मंच कर रहा गोष्ठी

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** प्रेरणा मंच की गोष्ठी सुशील शर्मा सरल के सौजन्य से आयोजित की गई.गोष्ठी में आगामी आयोजनों की रुपरेखा तैयार की गई और मंच को अधिक सार्थक बनाने के प्रयासों पर भी चर्चा की गई. मंच की अध्यक्षा डॉ कमल चतुर्वेदी ने मंच को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए कहा कि इस सावन में हमारा मंच निरंतर सक्रिय रहते हुए वर्तमान संदर्भ में प्रेरक प्रसंग, प्रेरक कार्यशालाएं आयोजित करे ताकि हमारी युवा पीढ़ी सकारात्मक विचारों के साथ अपना मार्ग प्रशस्त कर सके.साहित्य में समाज को दिशा देने की शक्ति होती है हम कुछ ऐसा ही सृजन करें और मंच को अधिक कौशल संपन्न बनाएं. वर्षा के भीगे भीगे अहसासों को केंद्र में रखकर ही गोष्ठी में रचनाएं सुनाई गईं. बारिश में सभी के मन प्राणों को भिगाते हुए डॉ कमल चतुर्वेदी ने अपनी कविता बादल ऐंसे आते है जैसे पाहुने आते हैं अब तो सारे मौसम बस यूँ ही रस्म निभाते हैं सुनाई जिसे सभी ने सराहा. रेखा वर्मा,छाया नामदेव,संतोष नामदेव, डॉ रीता शर्मा , कुसुम तोमर, सुमन मंडोरिया ,ज्योति जाधव आदि ने अपनी कवितायें सुनायीं.कार्यक्रम के अंत में बरखा का स्वागत करते हुए आभार गोष्ठी के आयोजक पं सुशील शर्मा सरल ने किया.



# विदिशा केमिस्ट एसोसिएशन का विदाई व स्वागत समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विदिशा के ड्रग इंस्पेक्टर संजीव जादौन का स्थानांतरण विदिशा से नर्मदापुरम होने पर और जॉन प्रवीण कुजूर का स्थानांतरण नर्मदापुरम से विदिशा होने पर विदिशा केमिस्ट एसोसिएशन ने रविवार को ड्रग इंसपेक्टर का विदाई एवं स्वागत समारोह विदिशा के एक निजी गार्डन में आयोजित किया. दोनों ड्रग इन्सपेक्टर एवं वरिष्ठ केमिस्ट राजकुमार गर्ग. सुरेश माहेश्वरी,राकेश शर्मा एवं राकेश चौधरी ने दोनों ड्रग इन्सपेक्टर का सम्मान किया गया। संघ के अध्यक्ष उमेश सिंघल, सचिव गौरव चौधरी, कोषाध्यक्ष संजय सिंघई पीआरओ सुमत जैन,दीपक जैन सचिन माहेश्वरी, अंशुल गर्ग अनिल कटारे, संजय सिकरवार, नवल किशोर शास्त्री, आशीष माहेश्वरी संभागीय सचिव चंद्रकांत जैन एवं जिला सचिव नवल किशोर शास्त्री एवं जिला कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सोनी भी मौजूद रहे. अपने विदाई समारोह में ड्रग इंसपेक्टर संजीव जादौन ने कहा कि विदिशा के केमिस्ट ड्रग एक्ट के नियमों का पालन करते हुए अपना व्यवसाय करते हैं. नवागत ड्रग इन्सपेक्टर जॉन प्रवीण कुजूर ने कहा कि सभी केमिस्ट आपसी सामंजस्य कर ड्रग एक्ट के नियमों का पालन करते हुए अपना व्यवसाय करेंए ऐसी में आशा रखता हूं. कार्यक्रम में विदिशा. शमशाबादए सिरोंज, लटेरी, कुरवाई आदि के केमिस्टों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. कार्यक्रम का मंच संचालन आशीष माहेश्वरी एवं वरिष्ठ केमिस्ट प्रकाश भंडारी ने किया एवं स्थागत उद्बोधन चन्द्रकांत जैन ने किया.



# नपाध्यक्ष के नेतृत्व में बहनों ने किये खाटू श्याम के दर्शन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सदस्यों ने गत दिवस भगवान खाटू श्याम के दर्शन कर क्षेत्र के मंगल कामना की प्रार्थना की.नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव द्वारा सभी 40 सदस्याओं को यह धार्मिक यात्रा कराई गई थी. इस यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सभी भाजपा महिला मोर्चा की सदस्याओं को तिलक लगाया गया एवं गंज मंदिर के महंत श्री त्यागी जी महाराज द्वारा सभी बहनों को रक्षा सूत्र बांधे गए.इसके बाद यह यात्रा गंतव्य की ओर रवाना हुई. खाटू श्याम पहुंचकर सभी सदस्यों ने बाबा श्याम के दर्शन किए और उनके दरबार में मत्था टेका. इस अवसर विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने भी भाजपा महिला मोर्चा की सदस्याओं की इस धार्मिक यात्रा के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी.



# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, श्री बांके बिहारी जी की असीम कृपा व श्री हनुमान जी के आशीर्वाद से गंजबासौदा में मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ.इस पावन अवसर पर डॉ. विनीत तिवारी एवं श्रीमती डॉ. कंचन तिवारी को सपत्नीक यजमान बनने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ.**



कार्यक्रम का शुभारंभ मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर से रघुवंशी समाज धर्मशाला तक आयोजित भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ. इस यात्रा में यजमान डॉ. विनीत तिवारी के सिर पर श्रीमद् भागवत पुराण विराजमान थी , कलश यात्रा के दौरान रास्ते में भक्तों ने ठाकुर जी एवं श्रीमद् भागवत पुराण एवं कलश यात्रा में शामिल भक्तों पर पुष्प वर्षा की.कलश यात्रा में श्रीधाम वृंदावन से पधारे भगवत रसिक पूज्य श्री उज्जवल कृष्ण जी महाराज, हनुमान मंदिर मूडरी धाम के महंत श्री परशुराम दास जी महाराज, मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर के महंत श्री रामगुलाम दास जी महाराज सहित अनेक साधु-संतों व धर्म प्रेमी भक्तों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.रघुवंशी समाज धर्मशाला में आयोजित कथा का पूज्य श्री उज्जवल कृष्ण जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया. उन्होंने श्रीमद् भागवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, श्रीमद् भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संगम है.यह न केवल प्रभु श्री कृष्ण के दिव्य चरित्र का वर्णन करता है, बल्कि मानव जीवन को सत्य, धर्म और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है.इस कथा को श्रवण करने से मनुष्य के मन की शंकाएं दूर होती हैं और वह परम आनंद की प्राप्ति करता है. उनकी दिव्य वाणी ने सभी श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर आत्मिक आनंद की अनुभूति कराई. यह अवसर सभी भक्तों के लिए अविस्मरणीय और हृदय को स्पर्श करने वाला रहा.कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामेश्वरम से पधारे श्री रामसेवक दास, पंडित श्याम शर्मा, पंडित महेश शास्त्री, कृष्ण तिवारी अन्नू महाराज, प्रीति तिवारी, रामकृष्ण रघुवंशी ठेकेदार, पार्षद मनीष विश्वकर्मा, हरि कृष्ण तिवारी, गजराज राय, देवेंद्र भावसार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे.इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ने भक्तों के लिए भक्ति, ज्ञान और आनंद का अनुपम संगम बनकर उनके जीवन को प्रभु श्री कृष्ण की कृपा से आलोकित किया.

**सौगात** | विधायक निधि से स्वीकृत हुयी राशि, ग्रामीणों ने जताया आभार

# 19 करोड़ 56 लाख से बनेंगी सड़कें

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर विकास का पहिया चल पड़ा है.क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी के अथक प्रयास से क्षेत्र में कुल करीब 19 करोड़ 56 लाख के सड़क स्वीकृत हुए हैं जिनके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को एजेंसी बनाया गया है.**

यह बात मीडिया को क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने बताई उन्होंने कहा कि विभिन्न सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है.आगामी एक से दो माह में निविदा का कार्य पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा.मीडिया से बातचीत करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्री रघुवंशी ने कहा कि मेरा लक्ष्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उदय का है में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं हमारे मार्गदर्शक दीनदयाल उपाध्याय, श्यामप्रसाद मुखर्जी हैं जिन्होंने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उदय की बात कही. उन्होंने कहा कि जो सड़क मार्ग स्वीकृत हुए है उनमें से कुछ ऐसे हैं जिनकी मांग वर्षों से चली आ रही थी लेकिन किसी का ध्यान इस ओर नहीं था उन्होंने कहा कि अधिकांश विकास पर ध्यान लोगों का शहरी विकास की तरफ अधिक होता है और ग्रामीण विकास इस धुन्ध में पिछड़ जाता है.इसलिए मैंने इस बार जो सड़क स्वीकृत करवाई हैं उनमें अधिकांश वे ही सड़क हैं विधायक बोले कि अब विकास का पहिया नहीं रुकेगा. क्योंकि केंद्र सरकार में प्रधान सेवक के रूप में मोदी व शिवराज हैं वहीं प्रदेश सरकार में मोहन यादव विराजमान हैं इसलिए अब क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे.

## यह सड़क निर्माण हुए स्वीकृत

बासोदा बरेठ मेनरोड धर्मकाटा से विजय नगर फेज-2 से खेरुआ हरिपुर तक मार्ग एवं नोघई प्रम सड़क से हा. से. स्कूल तक सड़क निर्माण जिसकी कुल लंबाई 2.60 किलोमीटर है व इस सड़क की कुल लागत 105.50 लाख रुपए है. पवई से हिन्नोदा मार्ग, आदिवासी बस्ती टपरा से केव्टन नदी तक मार्ग जिसकी कुल लंबाई 0.90 किलोमीटर है व इसकी अनुमानित लागत 92.48, करारी से करोंदा खुर्द मार्ग इस सड़क की कुल लंबाई करीब 3 किलोमीटर है व इसकी अनुमानित लागत 335.75 लाख रुपए है.फरीदपुर से मडिया दाखली मार्ग इस सड़क की लंबाई करीब 3 किलोमीटर है व लगत अनुमानित 325.35 लाख रुपए है.बेतौली स्वरूपनगर से सेमरा मार्ग इस सड़क की लंबाई करीब 3.50 किलोमीटर है व सड़क की अनुमानित लागत 359.32 लाख रुपए है. बेहलोट चौकी बासौदा शहरी बाईपास मार्ग इस सड़क की कुल लंबाई करीब 2 किलोमीटर है व सड़क की अनुमानित लागत करीब 572.12 लाख रुपए आंकी गई है.पंचायत भवन से हायर सेकंड्री स्कूल नोरजा मार्ग किसकी कुल लंबाई 1 किलोमीटर है व अनुमानित लागत 165.7 लाख रुपए आंकी गई. क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया के उपरांत इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा. वहीं क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक श्री रघुवंशी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है.

# नशा से मुक्ति के लिये निकाली जागरुकता रैली

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** नशा हमारे समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है.नशा नई पीढ़ी का जीवन बर्बाद कर रहा है. नशा से बुद्धि कमजोर और शरीर नष्ट हो जाता है, प्रत्येक नागरिक को नशा जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए, यह संदेश देते हुए यहां पुलिस कुरवाई के द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते हुए एसडीएम नितिन कुमार जैन ने व्यक्त किए.नगर के कन्या हायर सकेंडरी स्कूल से नशा मुक्ति की जागरूकता रैली की अगुवाई करते हुए पुलिस थाना कुरवाई के टीआई आरके मिश्रा ने नागरिकों से नशा जैसी बुराई को छोड़ने की अपील की. जागरूकता रैली में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस, तथा पत्रकारों, आम नागरिकों ने हिस्सा लेकर नशा जैसी बुराई को छोड़ने का संकल्प लिया। जागरूकता रैली बस स्टैंड होते हुए मुख्य बाजार से निकाली गई.